# रुपये - पैसे




तुमने दुकान से सामान खरीदा ही होगा। क्या-क्या खरीदते हो? ------------------

-----------------------------------------------------------

*जो-जो सामान तुमने खरीदा है उसके बारे में कॉपी में लिखो:*

किसी एक बार क्या खरीदा? उस बार की घटना को पूरा याद करो।
क्या तुम्हें याद है कितना खरीदा था और कितने में?
जिन-जिन चीज़ों के बारे में याद है, उन सब के बारे में, नाम सहित कॉपी पर लिखो।

जब भी हम सामान खरीदते हैं तो दुकानदार को खरीदे सामान के बदले पैसे देते हैं। नीचे कुछ चित्र दिए गए हैं। इनमें वे नोट और सिक्के दिखाए गए हैं जो हम इस्तेमाल करते हैं।



क्या तुम इन्हें पहचान सकते हो? हर नोट के चित्र में नोट के रंग से मिलता रंग भरो।
इनके अलावा कुछ और भी सिक्के और नोट होते हैं। इनके चित्र कॉपी में बनाओ।

दुकानदार को पैसे देते समय हिसाब भी करना होता है। कितने पैसे उसको देने हैं, कितने का नोट या सिक्का तुमने दिया और कितने पैसे तुम्हें वापस मिलेंगे। अपनी खरीददारी के कुछ उदाहरण याद करके कॉपी में लिखो।

मैंने दुकान से नमक खरीदा था, उसके बारे में मैं लिख रहा हूं। *इसी तरह तुम ने जो खरीदा है उसे लिखो।*

सामान खरीदा - **नमक**
दुकानदार को देने थे 60 पैसे
मैंने दिया 1 रु. का नोट
मुझे कितने पैसे वापस मिले 40 पैसे

सामान खरीदा - **किताब**
दुकानदार को देने थे 8 रू 50 पैसे
मैंने दिया 10 रु. का नोट
मुझे कितने पैसे वापस मिले? --------

● 1 रु.. में 100 पैसे होते हैं। 2 रु. में कितने पैसे होंगे?

मेरे पास 1 रु. 50 पैसे हैं। मेरे पास कुल कितने पैसे हैं?

5 रु. में कितने पैसे होते हैं?

*इसी तरह के और भी सवाल करो।*

● एक केला 50 पैसे का है। 2 रु. में मुझे कितने केले मिलेंगे

50 पैसे में 5 पैसे की एक वाली कितनी गोली मिलेंगी?

अगर एक रु में 100 पैसे हैं तो,

-दो रुपये में 2 X 100 = 200 पैसे

- यदि 5 पैसे में एक गोली

तो 50 पैसे में $\frac{50X1}{5}$ = 10 गोली

**ऐसे और भी सवाल बनाओ और करो।**



● पैसे शब्द का उपयोग दो तरह से होता है।

**पहला** पैसे यानी कुल कितने रुपए और कितने पैसे यानी कितनी मुद्रा?

**और दूसरा** 2 रु. में कितने पैसे होते हैं?

नीचे कुछ वाक्य उदाहरण के लिये दिये हैं। उन्हें ध्यान से पढ़ो।

1. मेरे पास बहुत सारे पैसे हैं।
   तेरे पास कितने पैसे हैं?

2. पैसों का हिसाब कर लो।

3. 1 रु. में 100 पैसे हैं।
   50 पैसे के चार सिक्के यानी 200 पैसे।

ऊपर के वाक्यों में से दोनों तरह के इस्तेमाल को ढूंढकर गोला या उसके नीचे लाईन लगाओ। रूपये पैसे के बारे में दी जानकारी वाले हिस्से में भी इसी प्रकार अलग-अलग उपयोग पहचानो।

ऐसे और भी बहुत शब्द हैं जिनके अलग-अलग जगह पर अलग-अलग अर्थ होते हैं।

इस किताब में भी क्या ऐसे कुछ शब्द और उनके अलग-अलग उपयोग के उदाहरण हैं?

इन सब को ढूंढ कर कॉपी में लिखो।

क्या तुम ऐसे और भी शब्द सोच सकते हो?

♣ **ऐसे शब्द और उनके अर्थ कक्षा में कौन सबसे अधिक सोच पाया!**

## कुछ सवाल

- हमारे घर से नानी के घर तक बस में अकेले जाने पर मुझे 2 रुपये 50 पैसे देने पड़ते हैं।
इस बार मेरे साथ कमली और लालू भी थे। हमें नानी जी के घर तक कितने पैसे देने पड़े होंगे।

- लाली के पास 3 रु थे। उसने 1 रु के आम और 50 पैसे के चने लिए। घर पर आने पर मां ने कहा जा 2 रु की दाल ले आ। लाली ने बचे पैसे गिने और बोली मां मेरे पास तो पैसे कम हैं। लाली को और कितने पैसे की ज़रूरत है?

- एक कॉपी की कीमत 1 रु 25 पैसे है। रानू और रिंकू को 6 कॉपियों के लिए कितने पैसे की ज़रूरत पड़ेगी।

- एक ठेले वाले के पास 20 दर्जन केले थे। उसने ये केले 3 रु 50 पैसे प्रति दर्जन के हिसाब से बेचे। शाम तक उसके 12 दर्जन केले बिके। केलों की बिक्री से उसे कितने पैसे मिले?

मैंने दुकान से छोटी गोलियाँ खरीदी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 पैसे की | 4 | यदि 50 पैसे की | 12 गोलियाँ | यदि 1 रु. की | 60 गोलियाँ |
| 50 पैसे की | 8 | तो 25 पैसे की | ........... | तो 50 पैसे की | ........... |
| 1 रु. की | 16 | और 1 रु. की | ........... | और 25 पैसे की | ........... |

तुमने कभी बाजार से कंचे खरीदें होंगे

| | |
|---|---|
| कितने ? | ............... |
| कितने पैसे में? | ............... |
| 25 पैसे में कितने? | ............... |
| 50 पैसे में कितने? | ............... |
| 75 पैसे में कितने? | ............... |
| 100 पैसे में कितने? | ............... |

सवाल

एक दुकानदार 25 पैसे में 5 कंचे बेच रहा था।


चार दोस्त छाया, चेतना, पवन और प्रमोद कंचे लेने के लिए दुकान पर गए।

- छाया के पास 25 पैसे के 4 सिक्के थे तो दुकानदार उसे कितने कंचे देगा? ☐
- चेतना के पास 50 पैसे के 2 सिक्के थे तो दुकानदार उसे कितने कंचे देगा? ☐
- पवन के पास 25 पैसे के 2 सिक्के और 50 पैसे का एक सिक्का था तो दुकानदार उसे कितने कंचे देगा? ☐
- प्रमोद के पास 1 रुपये का एक सिक्का था तो दुकानदार उसे कितने कंचे देगा? ☐

अब तुम बताओ कि हर बच्चे को दुकानदार ने कितने–कितने कंचे दिए ?

तुम्हारे पास 20 पैसे, 25 पैसे, और 50 पैसे के सिक्के हैं तो चार अलग–अलग तरीके ढूँढ़ो, जिससे 1 रुपया बन सकता है। हर तरीके में कौन–कौन से सिक्के इस्तेमाल किए?

हर वस्तु के नीचे दिए गए दाम प्रति नग के हैं।




| साबुन | लड्डू | पेन्सिल | बिस्कुट | माचिस | चॉक |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 रु. | 50 पैसे | 1 रू. | 75 पैसे | 50 पैसे | 25 पैसे |

पता करो–

5 लड्डू का दाम ............ 2 माचिस का दाम ............ 4 बिस्कुट का दाम .............

3 साबुन का दाम ............ 6 चॉक का दाम ............ 3 पेन्सिल का दाम .............

तुम्हारे पास 3 रु. 50 पैसे हैं तो तुम इस दुकान से क्या–क्या खरीदोगे और कितना कितना?


| चीज़ का नाम | कितने | मूल्य |
|---|---|---|
| — — — — — | — — — | — — — — |
| — — — — — | — — — | — — — — |
| — — — — — | — — — | — — — — |
| — — — — — | — — — | — — — — |

- सोहन ने तीन साबुन खरीदे। उसने दुकानदार को 10 रुपये दिए। तो दुकानदार उसको कितने रुपये वापस करेगा?
- मोहन ने दो बिस्कुट, दो माचिस और तीन चॉक खरीदी। उसने दुकानदार को 5 रुपये का नोट दिया तो दुकानदार कितने रुपये वापस करेगा।

तालिका भरो

| | 5 पैसे | 10 पैसे | 20पैसे | 25पैसे | 50 पैसे | 1 रु. | 2 रु. | शब्दों में लिखो |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 रु. 85 पैसे | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 2 | पाँच रुपये पचासी पैसे |
| 7 रु. 60 पैसे | | | | | | | | |
| 10 रु. 85 पैसे | | | | | | | | |
| 25 रु. 50 पैसे | | | | | | | | |
| 32 रु. 35 पैसे | | | | | | | | |
| 48 रु. 85 पैसे | | | | | | | | |


# स्तंभालेख



कितनी तितलियाँ हैं?
कितनी मकड़ियाँ हैं?
कितने फूल हैं?
कितने गोले हैं?
तितलियाँ ज्यादा हैं कि गोले?
मकड़ियाँ ज्यादा हैं कि तितलियाँ?
फूल ज्यादा हैं कि गोले?
कुल कितने चित्र हैं?

स्तंभालेख पढ़कर बताओ कि–

किसके पास सबसे ज्यादा कंचे हैं?
किसके पास सबसे कम कंचे हैं?
सरिता के पास कितने कंचे हैं ?
मीना के पास कितने कंचे हैं ?
सूरज और चंदू के पास कुल
मिलाकर कितने कंचे हैं ?




मंगलवार को कितने बच्चे नदी में तैरने गए थे?

रविवार को कितने बच्चे नदी में तैरने गए थे?

वे कौन से दो दिन हैं जब बराबर बच्चे नदी में तैरने गए थे?

बुधवार और शनिवार को कुल मिलाकर कितने बच्चे नदी में तैरने गए थे?

बुधवार की तुलना में गुरुवार को कितने ज्यादा बच्चे नदी में तैरने गए थे?





अब तुम स्तंभालेख भरो।

| नाम | कितने कलम |
|---|---|
| रोशन | 1 |
| माधव | 2 |
| सुनील | 5 |
| रानी | 3 |
| सुमन | 3 |



हर एक चित्र के साथ जुड़े रास्ते पर चलकर नीचे बने चौकोर खाली घर तक पहुंचो। अब इस घर में उस चीज के नाम का आखिरी अक्षर (मात्रा सहित) लिखना है। नामों की सूची नीचे दी गई है।



जब नीचे के सभी घर भर जाएं तो क्या कोई वाक्य बना? जो भी बना उसे कापी में लिखो। दोस्तों से मिलाओ। क्या किसी का कुछ और भी वाक्य बना?

ISBN: 978-81-87171-72-0

मूल्य: 70.00

A0538H